Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to declare Anugraha Narayan Road-Siris-Charan-Manjhiaon stretch of road as National Highway

श्री महाबली सिंह (काराकाट): सभापति महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अनुग्रह नारायण रोड सिरिस- चरण अंकोरहा मंझिआँव पथ जो नबीनगर-बारुण मुख्य सड़क को जोड़ती है उसे राष्ट्रीय राज्य मार्ग (नेशनल हाईवे) में शामिल कराने के संबंध मे आकर्षित करना चाहता हूं ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र काराकाट के अंतर्गत नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन जिला मुख्यालय का मुख्य स्टेशन है। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सड़क के अभाव में डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन रोहतास में जाकर ट्रेन का सफर करना पड़ता है।

जबकि अनुग्रह नारायण रोड से मुशी बिगहा, जीवा बिगहा, सिरिस के रास्ते चरण, रेगानियाँ मंझौली, सोनोरा, अंकोरहा, एन पी जी सी एल एवं बी आर बी सी एल, एन टी पी सी को जोड़ने वाली मंझिआँव नबीनगर बारुण राष्ट्रीय राज्य मार्ग (नेशनल हाईवे) में जोड़ने वाली सड़क जिसकी दूरी लगभग 25 किलोमीटर है, को (नेशनल हाईवे) में शामिल कराने से इस क्षेत्र के लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

खासकर के एन टी पी सी के दो-दो मेगा पावर परियोजना के अधिकारी/कर्मचारी को अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन जाने में काफी सुविधा होगी एवं नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोग अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन एवं जिला मुख्यालय जाने में कम समय में पहुंच सकेंगे।

अत: सदन के माध्यम से मैं सरकार से मांग एवं निवेदन करता हूँ कि अनुग्रह नारायण रोड, सिरिस, चरण, अंकोरहा के रास्ते नबीनगर बारुण मुख्य सड़क जो मंझिआँव में मिलती है जिसकी दूरी लगभग 25 किलोमीटर है, उसको राष्ट्रीय राज्य मार्ग (नेशनल हाईवे) में शामिल कराने का कार्य करें।